Date :- 26-09-2024
Dainik Bhaskar, Page-2, Surat

**पहला पड़ाव पार** • टीबीएम तापी ने 727 दिन में अप टनल बनाकर सूरत मेट्रो स्टेशन पर किया ब्रेक थ्रू


# कापोद्रा से स्टेशन तक 3.46 किमी लंबी अप-डाउन टनल तैयार, 1800 भवनों के नीचे से गुजरीं दो टीबीएम

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

सूरत मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के अंडरग्राउंड सेक्शन में कापोद्रा से सूरत स्टेशन तक अप लाइन टनल का काम भी पूरा हो गया है। तापी टीबीएम ने 727 दिनों में अपना मिशन पूरा कर मेट्रो के सूरत स्टेशन पर बुधवार शाम 4 बजे ब्रेक थ्रू किया। अब 3.46 किमी की अप-डाउन दोनों टनल तैयार हो चुकी हैं। पैकेज सीएस-2 में सूरत-कापोद्रा सेक्शन पर संभवतः अगले महीने से ट्रैक बिछाने का काम शुरू किया जाएगा। तापी टीबीएम ने 2484 मीटर टनल का काम पूरा किया। उल्लेखनीय है कि 30 अगस्त को नर्मदा टीबीएम सूरत मेट्रो अंडरग्राउंड स्टेशन से 614 दिनों बाद 2492 मीटर लंबी डाउन लाइन टनल बनाकर बाहर आई थी। तापी टीबीएम ने 29 सितंबर 2022 से अप टनल बनाने के लिए कापोद्रा से ड्रिलिंग शुरू की थी। जिसे 1 नवंबर 2023 को सूरत मेट्रो अंडरग्राउंड स्टेशन पर फाइनल ब्रेक थ्रू कर बाहर आना था, लेकिन इसमें लगभग 10 महीने की देरी हुई। जबकि डाउन टनल के लिए नर्मदा टीबीएम ने 25 दिसंबर 2022 को कापोद्रा स्टेशन से ड्रिलिंग शुरू की थी। इसे 1 दिसंबर 2023 को फाइनल ब्रेक थ्रू करना था, लेकिन इसमें लगभग 9 महीने की देरी हुई। अब टनल की फिनिशिंग शुरू होगी।

## अप टनल डेडलाइन से 10 माह और डाउन टनल 9 माह देरी से बनी




### अप टनलः 29 सितंबर 2022 से 25 सितंबर 2024 तक 'तापी' का सफर

- कापोद्रा से लाभेश्वर तक 1450 मीटर का काम पूरा
- लाभेश्वर से सेंट्रल वेयर हाउस तक 644 मीटर का काम पूरा
- सेंट्रल वेयर हाउस से सूरत रेलवे स्टेशन तक 389 मीटर का काम पूरा
- कुल 2484 मीटर में से 2484 मीटर टनल का 100% पूरा

### डाउन टनलः 25 दिसंबर 2022 से 30 अगस्त 2024 तक 'नर्मदा' का सफर

- कापोद्रा से लाभेश्वर तक 1453 मीटर का काम पूरा
- लाभेश्वर से सेंट्रल वेयर हाउस तक 651 मीटर का काम पूरा
- सेंट्रल वेयर हाउस से सूरत रेलवे स्टेशन तक 388 मीटर का काम पूरा
- कुल 2492 मीटर में से 2492 टनल का 100% काम पूरा

**1800 इमारतों के नीचे 35 मीटर गहराई से गुजरी थीं दोनों टीबीएम** | 'नर्मदा' और 'ताप्ती' दोनों टीबीएम ने अपना सफर पूरा कर लिया। दोनों ने कापोद्रा से सूरत स्टेशन तक की अप-डाउन टनल का काम पूरा कर लिया है। इस अंडरग्राउंड रूट पर कुल 1800 इमारतें थीं जिनके नीचे से ये दोनों टीबीएम गुजरी थीं।

### इमारतों में कीचड़ निकलने और कई पॉइंट पर रफ्तार धीमी होने से देरी हुई

कापोद्रा से सूरत स्टेशन तक टनल के काम में डेडलाइन से 10 महीने की देरी हुई है। मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि फरवरी 2023 फरवरी में अचानक कीचड़ का रिसाव होने लगा था जो घरों से बाहर निकलने लगा था। इस दौरान काम कुछ समय रुका। टीबीएम मेंटेनेंस में भी समय लगा।

### सूरत स्टेशन से चौक बाजार सेक्शन में टनल के काम की रफ्तार

अंडरग्राउंड के दूसरे सेक्शन सूरत स्टेशन से चौक बाजार के बीच टीबीएम दिया और अमृत टनल बना रही हैं। सूरत स्टेशन से चौक बाजार के बीच 2890 मीटर लंबी अप टनल के 1058.40 मीटर हिस्से का काम पूरा हो चुका है। जबकि 2891 लंबी डाउन टनल के 1044.49 मीटर हिस्से का काम हुआ है।